द्विभाषी साप्ताहिक

# द न्यूज़ बिन

द बॉक्स ऑफ टू न्यूज़

वर्ष : 2 अंक : 18 | रतलाम 16 सितम्बर 2024 सोमवार | पृष्ठ : 6 | मूल्य : 3 रूपया

# रतलाम में दंगे होने से बचाया, निष्पक्षता से फर्ज निभाने पर मिला तबादला

## विरोध ने बना दिया एसपी राहुल कुमार लोढ़ा को हीरो

**रतलाम | द न्यूज़ बिन**

एक आम इंजिनीरिंग स्टूडेंट्स से आई पी एस बने राहुल कुमार लोढ़ा आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है और गूगल पर ट्रेंडिंग भी है। रतलाम शहर ही नहीं, न ही सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि पुरे देश में आज-कल उनकी ईमानदारी और देश सेवा के चर्चे सुर्खियों में बने हुए है। मामला कुछ यूं हुआ कि बीते शनिवार गणपति स्थापना चल समारोह पर पत्थर फेकने की अफवाह रतलाम शहर में आग की तरह फैली और देखते ही देखते शांति का टापू कहा जाने वाला रतलाम अशांत हो गया। तथाकथित पथरबाज़ी की गम्भीरता को देखते हुए और शहर में दंगे की स्थिति निर्मित न हो इसको तुरंत रोकने के लिए ईमानदार आईपीएस अफसर राहुल कुमार लोढ़ा ने खुद मोर्चा संभाला और घटना स्थल पर जमा भीड़ को तितर-बितर करने के लिए हल्का बल प्रयोग किया।

रतलाम शहर के मुस्लिम बाहुल्य मोचीपुरा क्षेत्र में गणेश प्रतिमा पर हुई पथरबाज़ी की अफवाह पर हिन्दू संगठनो के प्रदर्शन और दबाव के बाद फरयादी की एफ.आई.आर तो लिखी गई लेकिन हिंसा करने के इरादे से दोबारा मेहंदीकुई से हाथखाना की और भीड़ घुसी और मोचीपुरा चौराहे पर पहुंच कर आपत्तिजनक नारेबाजी करने लगी। इसी पर पूर्व पुलिस कप्तान ने खुद मोर्चा संभल स्तिथि को नियंत्रण में लिया और एक बड़ा हादसा और हादसे के बाद दंगे की सम्भावना को वही ख़त्म कर दिया जिसके सम्बन्ध में विस्तार से द न्यूज़ बिन अपने पिछले संस्करण में खबर प्रकाशित कर चूका है।

यूं तो यह पुलिस द्वारा की गई आम सी कारवाही दिखाई पड़ती है लेकिन जैसे ही इसकी सुचना रतलाम के वरिष्ठ नेताओ और हिन्दू संगठनो के पदाधिकारियो को लगती है तब यह मामला रतलाम तक न रह कर सीधा भोपाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तक पहुंच गया। एक अफवाह अब हकीकत का रूप लेने वाली थी।

इसी घटना को सच साबित करने और पूर्व पुलिस कप्तान आई.पी.एस. राहुल कुमार लोढ़ा की कारवाही को एकतरफा बताते हुए भाजपा और संघ का एक सयुक्त प्रतिनिधि मंडल कलेक्टर कार्यालय ज्ञापन देने पंहुचा। हालाकि कलेक्टर राजेश बाथम पहले ही अपने निर्धारित समय से ऑफिस से जा चुके थे। चुकी मामला सत्तारूढ़ पार्टी से जुड़ चूका था और भाजपा-संघ के सयुक्त प्रतिनिधि मंडल के उनसे मिलने के सम्बन्ध में सूचना कलेक्टर बाथम को मिली तो वह दोबारा देर शाम अपने दफ्तर पहुंचे। जब इसकी सूचना मीडिया को मिली तो रतलाम का समस्त सक्रिय मीडिया कलेक्टर कार्यालय पंहुचा। ज्ञापन का फोटो करवाने के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष ने चर्चा करने के बहाने मीडिया को केबिन से बाहर का रास्ता दिखा दिया। खबर के अनुसार यह आम सी घटना प्रतीत होती है लेकिन यह घटना भाजपा-संघ के इस मुद्दे पर मुखर होने पर आम नहीं रह गई। अभी 5 घंटे भी नहीं बीते थे की नाटकीय तौर पर रतलाम पुलिस कप्तान आई.पी.एस. राहुल कुमार लोढ़ा के ट्रांसफर के आदेश सीधे मुख्यमंत्री के दफ्तर से जारी हो गए और उन्हें भोपाल जी.आर.पी.एफ. एसपी नियुक्त कर दिया गया।

### विशेष रिपोर्ट - मो. सिराज

## महज़ शख्स नहीं शख्सियत है आई.पी.एस. राहुल कुमार लोढ़ा

### राहुल का शुरुआती जीवन

### कौन है ये आईपीएस जो इन दिनों देश भर में सुर्खी बटोरे हुए है?

### जन्म से लेकर प्रारंभिक शिक्षा और आई पी एस बनने का सफर

राहुल कुमार लोढ़ा का जन्म महाराष्ट्र के जलगांव में 19 अक्टूबर 1986 में हुआ। उनके पिता एक बिजनेसमैन है और मां गृहणी है और दो छोटे भाई भी है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा जलगांव के ही आर.आर स्कूल से है। 10वी के बाद उनकी आगे की स्कूली शिक्षा पुणे के एस.पी. कॉलेज नामक एक स्कूल में हुई। पुणे के ही पीआईसीटी कॉलेज से आई.टी. से इंजीनियरिंग की। जिसके बाद उनकी नौकरी आईबीएम कंपनी में लग गई। लेकिन कॉलेज के समय में ही गवर्नमेंट सिस्टम में सुधार को लेकर अक्सर उनकी बहस अपने दोस्तों से होती रहती थी। जिसपर उनके दोस्त का यही कहना होता था कि अगर सरकारी सिस्टम ही सुधारना है तो खुद सिस्टम का हिस्सा बनो। इसी बीच एक बार वह अकेले एक हिंदी फिल्म युवा देखने गए जिससे वह काफी प्रेरित हुए और देश के सिस्टम को बदलने की ठानी। राहुल को मूवी देखना व घूमना पसंद है। फिर इस तरह उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ सिविल सेवा की तैयारी शुरू कर दी। पहली बार में सिविल सेवा के इंटरव्यू में नाकाम होने पर भी उन्होंने हार नहीं मानी और दोबारा तैयारी शुरू कर दी। उनकी लगन और ईमानदारी के साथ की गई मेहनत रंग लाई और 2011 के परिणाम में वह आखिरकार सफल भी हुए।





**आईपीएस नहीं, आईएएस बनना चाहते थे राहुल**

राहुल कुमार लोढ़ा सिस्टम को बदलना चाहते थे इस लिए उन्होंने सिविल सेवा की तैयारी शुरू की थी। उनका टारगेट आई.ए.एस. बनना था, लेकिन भाग्य में कुछ ओर ही लिखा था। एग्जाम पास, इंटरव्यू क्लियर रिजल्ट घोषित और जब पोस्टिंग मिली तो आईपीएस के रूप में। सेवा तो सेवा है, उन्होंने इसे सहजता से स्वीकार किया और जुट गए देश सेवा और सिस्टम को बदलने में। अब राहुल आईपीएस राहुल कुमार लोढ़ा बन चुके थे।

उनका लक्ष्य साफ था सिस्टम में सुधार और ईमानदारी से देश सेवा। सिस्टम में बेहतरी लाने के लिए उनका विचार है कि हफ्ते में एक दिन हमे अपने परिवार को समय देना चाहिए, जिससे हम बेहतर तरीके से जन सेवा कर सके, आमजन की समस्याओं को समझ कर हल कर सकें।

## ज़िन्दगी की कुछ अनसुनी दस्ता...

### जब यूपीएससी की तैयारी के दौरान हुई मोहब्बत

बात है उन दिनों की जब राहुल अपनी सिविल सेवा की तैयारी दिल्ली में कर रहे थे। वहीं कोचिंग पर राहुल की मुलाकात जोधपुर की शुभी से हुई। राहुल और शुभी की अच्छी ट्यूनिंग थी और दोनों एक दूसरे से नोट्स भी शेयर करने लगे थे। उनकी दोस्ती लगभग दो साल चली, राहुल शुभी को पसंद करते थे और उन्होंने यह बात अपनी मां से शेयर भी की हुई थी। राहुल अपनी मां से हर बात साझा किया करते थे और वह अपनी दादी के भी लाडले थे। एग्जाम क्लियर करने के बाद उन्होंने शुभी को शादी के लिए प्रपोज़ किया।

कुछ ही दिन बाद शुभी का जवाब हां में आया। फिर क्या था राहुल ने अपनी मां को पहले ही सब कुछ बताया हुआ था। राहुल के घर वाले पहुँच गए शुभी के घर रिश्ता लेकर जब मिया बीवी राज़ी तो क्या करेगा क़ाज़ी दोनों के घर वाले मान गए और इस तरह दोनों शादी के पवित्र बंधन में बंध गए।

**आई.पी.एस राहुल कुमार लोढ़ा के हैं दो बच्चे...**

ज़्यादातर लोग यही जानते हैं कि राहुल कुमार लोध का एक प्यारा से लड़का है जो अक्सर 26 जनवरी, 15 अगस्त के कार्यक्रमों में नज़र भी आता हैं और यही मीडिया के माध्यम से पाठकों तक पहुंचा हैं। लेकिन बेटे के पहले उनकी एक बहुत प्यारी सी बेटी भी हैं, जो अपने भाई से ज़्यादा समझदार और सहज हैं। राहुल की बेटी का नाम शोरा हैं और बेटे का नाम शोर्य हैं। बेटा अपने पिता की तरह आईपीएस बनना चाहता हैं, शोर्य अपनी बहन के उलट काफी चंचल स्वभाव का हैं।

### जाते -जाते ये कहा रतलाम पुलिस कप्तान ने ..

**मैंने जो किया वो जनहित में था, मेरा कर्तव्य हैं कि शहर में शांति स्थापित रहे। मैंने अपने कर्तव्य का ईमानदारी से निर्वाह किया। मैं संतुष्ट हु कि मेरे निर्णय से रतलाम में आज शांति हैं।**

**मेरे लिए वर्ग विशेष नही बल्कि देश और देश के नागरिक पहले हैं, मेरे लिए सब बराबर हैं। - राहुल कुमार लोढ़ा, पूर्व पुलिस अधीक्षक, रतलाम**

### रतलाम का मुद्दा बना देश भर में सुर्खियां..

फिर क्या था यह खबर जैसे ही विपक्ष याने कांग्रेस को लगी तो भोपाल से लेकर दिल्ली तक की सियासत



गरमा गई और गर्माती भी क्यों नहीं रतलाम में तथाकथित गणेश प्रतिमा पर पथरबाज़ी की खबर पुरे राष्ट्रीय मीडिया में जो उछाल रही थी। रतलाम एसपी राहुल कुमार लोढ़ा की कारवाही को सही ठहराते हुए उनके समर्थन में कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष

शेष पेज तीन पर..

सम्पादकीय...

## गरज रहा भारत का आसमान

भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतर्राष्ट्रीय रक्षा संबंधों को मजबूत करने में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है, जो भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं, जिनमें अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई की वायुसेना टीम शामिल हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्सास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार करना, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस 'वॉर एक्सरसाइज' में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में 'तिरंगा' बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये उसे निहारता ही रह गया।

'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को तो जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस में उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं। 'तरंग शक्ति' के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रायल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा. जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास का उद्देश्य इसमें हिस्सा लेने वाले सभी देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालनीयता को बढ़ावा देना, उन्हें सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने और परिचालन समन्वय में सुधार करने में सक्षम बनाना है। 'तरंग शक्ति' में उड़ान और जमीनी प्रशिक्षण के अलावा रक्षा प्रदर्शनियां तथा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं और वायु अभ्यास में हिस्सा ले रहे देशों के रक्षाकर्मी भारतीय प्रौद्योगिकी कंपनियों का दौरा भी करेंगे।

'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'रेड फ्लैग' अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है। करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास 'रेड फ्लैग 2024' के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था।

# चिंता का सबब बनता ओजोन परत का क्षरण

**विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।**



16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2024 का विषय है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल- जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाना'। विश्व ओजोन दिवस का यह विषय ओजोन परत की रक्षा करने और वैश्विक स्तर पर व्यापक जलवायु कार्रवाई पहलों को आगे बढ़ाने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी।

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर छपी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं।

ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रेटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्राय: कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

### हर साल 16 सितंबर को मनाया जाता है वर्ल्ड ओजोन डे

हर साल 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। यह दिन ओजोन परत की सुरक्षा और महत्वता को समझाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। साल 1994 में इस दिन को संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित किया गया था।

हर साल 16 सितंबर को विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। ओजोन परत की सुरक्षा के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिन समर्पित होता है। इस दिन को मनाए जाने का मुख्य उद्देश्य ओजोन परत की समस्याओं और उनके समाधान के प्रति लोगों को जागरुक करना है।ओजोन परत के महत्व और उसके संरक्षण की जरूरत को बताने के लिए वर्ल्ड ओजोन डे मनाया जाता है। सूर्य की हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों को ओजोन परत पृथ्वी तक पहुंचने से रोकती है। ऐसे में यह दिन ओजोन परत की रक्षा के लिए और विश्व जागरुकता फैलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने का प्रयास है।साल 1994 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा विश्व ओजोन दिवस स्थापित किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य साल 1987 के मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के महत्व को मान्यता देना है। ओजोन-क्षीणकारी पदार्थों के उपयोग को कंट्रोल करने के लिए इस दिन को मनाने की शुरूआत हुई। साथ ही ओजोन परत की रक्षा के लिए वैश्विक प्रयासों को समर्थन मिलता है।

# एसपी राहुल कुमार लोढ़ा के दिलचस्प केस, जो बने सुर्खियां...

राहुल कुमार लोढ़ा ने बताया कि जब वे भोपाल उत्तर में एसपी थे। तब एक बड़े दिलचस्प केस उन्होंने सुलझाया था। केस ऐसा था जिसमे ट्रक चोरी के मामले की पड़ताल करते हुए एसपी राहुल कुमार लोढ़ा 34 हत्याओं के खुलासे तक पहुंचे थे। इसमें सनकी सीरियल किलर आदेश खामरा ट्रक ड्राइवरों से दोस्ती कर उन्हें खिलाता पिलाता और फिर उनकी हत्या कर ट्रक चोरी करता था। यह मामला 7-8 महीने में सुलझा था। पिछले 10 सालों में इस सनकी सीरियल किलर ने 34 हत्याओं को अंजाम दिया था।

**सिरफिरे युवक ने किडनैपिंग कर पुलिस को किया था छह घंटे परेशान**


दूसरा मामला मिसरोद इलाके के फॉर्च्यून डिवाइन सिटी का था। जहां एक सिरफिरे युवक ने फ्राइडे नाइट डॉक्यूमेंट्री फिल्म की तर्ज पर रिटायर्ड एजीएम की बेटी को मल्टी के 5वे फ्लोर पर बंधक बना लिया था। इसमें सिरफिरे आरोपी ने 6 घंटे तक युवती को अपने पास रखा। उसकी मांग थी कि वह उससे शादी करना चाहता है। हालाकि ये एक तरफा प्यार था। पुलिस की खूब मशक्कत के बाद भी वह हाथ नही आ रहा था। उसने युवती पर चाकुओं से कुछ वार भी किए थे। काफी परेशान होने के बाद एसपी राहुल कुमार लोढ़ा की सूझ बूझ से मौके पर एक हाइड्रोलिक क्रेन मंगाई गई जिसमे एसपी, एएसपी, एडीएम चढ़ कर मल्टी के पांचवे माले की खिड़की पर पहुंचे। जिसमे एसपी राहुल कुमार ने किडनैपर युवक से बात कर कहा कि तुम कानून को अपने हाथ में मत लो मैं तुम्हारी शादी करवाऊंगा। देखो तुम्हारी शादी के लिए मजिस्ट्रेट भी साथ लाया हु। इसके 15 मिनट बाद युवक नेसजधज कर दरवाजा खोला। एसपी ने बताया कि जैसे ही वह थाने पहुंचा तो शादी का भूत उतर गया।

**एस पी राहुल कुमार लोढ़ा ने रतलाम में किए थे कई अहम खुलासे**

- 2 अगस्त 2023 को तत्कालीन एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने बतौर रतलाम एसपी ज्वाइनिंग ली थी।
- 11 अगस्त 2023 को सोशल मीडिया पर अलग-अलग समाज के लोगों द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट करने को लेकर तत्कालीन एसपी राहुल कुमार ने वीडियो जारी कर चेताया था।
- 11 अगस्त 2023 को ही स्टेशन रोड थाना अंतर्गत जूते में ले जा रहे डेढ़ लाख की ब्राउन शुगर के आरोपी का किया था खुलासा
- 24 अगस्त 2023 को ट्रेडिंग एप एमटीएफपी और क्यू टी एफ ई के विरुद्ध एसपी लोढ़ा ने जारी की थी एडवाइजरी
- 20 सितंबर 2023 को पंचेड गांव में हुए आबिद हत्याकांड का एसपी ने किया था खुलासा अपहरण की साजिश में हुआ था हत्याकांड।
- 25 सितंबर 2023 को एमटीएफटी मामले में एसपी ने फ्रीज करवाए थे 39 लाख रुपए, कुछ आरोपियों की हुई थी गिरफ्तारी
- 30 अक्टूबर 2023 को बिलपांक थाना के अंतर्गत एसपी राहुल कुमार के नेतृत्व में एक करोड रुपए की 1100 अवैध शराब की पेटियों से भरा कंटेनर पकड़ा था।
- 11 दिसंबर 2023 को नामली के 8 लेन के पास नाले में मिली कार में मिले डोडाचूरा का किया था खुलासा।
- 11 दिसंबर 2023 को लिए जावरा के अंतर्गत 115 किलो डोडा चूरा जप्त कर किया था आरोपियों का एसपी राहुल ने खुलासा।
- 19 दिसंबर 2023 को जावरा आईए थाने से गिरफ्तार हुए नशे के सौदागर का किया था खुलासा, 20 लाख रुपए का सामान हुआ था जप्त।
- 24 दिसंबर 2023 को नामली थाना के रघुनाथगढ़ में 66 वर्षीय बुजुर्ग महिला की हत्या कर उसे जलाने के मामले का किया था खुलासा।
- 28 दिसंबर 2023 को रतलाम के धराड़ में बांछड़ा गैंग को गिरफ्तार कर किया था जिसमें गैंग सूने मकान को बनाते थे निशाना।
- 9 जनवरी 2024 को रतलाम में 63 वर्षीय रिटायर्ड निगम के इंजीनियर के 11 वर्षीय बालिका के साथ अश्लील हरकत करने के आरोप में एसपी के निर्देश पर हुआ था आरोपी गिरफ्तार।
- 16 जनवरी 2024 को सैलाना में बीते महीनों हुई 4 चोरियों का एसपी राहुल कुमार के निर्देश पर पुलिस ने किया था खुलासा, मंदिर में चांदी का मुकुट, दानपात्र से चिल्लर और एक सुनार के शोकेस से चांदी के कड़े ले उड़े थे।
- 2 फरवरी 2024 को 15000 हर महीने खाते में आने का लालच देकर खाता खुलवाने वाले आरोपियों का किया था खुलासा, 5 करोड रुपए के मिले थे ट्रांजैक्शन।
- 8 फरवरी 2024 को बाजना थाना क्षेत्र में अंधे कत्ल का किया था खुलासा जिसमें जमीन को लेकर दो चाचा और चचेरे भाई ने उतारा था मौत के घाट।
- 14 फरवरी 2024 को रतलाम के पास इमलीपाड़ा ग्राम में मिले शादीशुदा महिला के शव का किया था एसपी राहुल ने खुलासा।
- 14 फरवरी 2024 को डीडी नगर थाने के कनेरी नाका के पास पत्नी और उसके प्रेमी को पति के द्वारा किए अपहरण के मामले का भी एसपी ने किया था खुलासा, मामले में 9 लोगों को बनाया था आरोपी।
- 4 मार्च 2024 को डीडी नगर थाना अंतर्गत 70 वर्षी बुजुर्ग महिला की हत्या का किया था खुलासा, मामले में मृतक बुजुर्ग की बहु के दूसरे पति ने खुन्नस में उतारा था मौत के घाट।
- 26 मार्च 2024 को नामली थाना अंतर्गत हुए दोहरे हत्याकांड का एसपी ने किया था खुलासा, आरोपी हत्या कर उसे दुर्घटना का रूप दे रहे थे।
- 29 मार्च 2024 को बाछड़ा समाज के एक पिता जबरदस्ती अपनी शादीशुदा बेटी से करवाना चाहता था वेश्यावृत्ति, महिला की गुहार पर एसपी ने लिया था एक्शन।
- 10 अप्रैल 2024 को 80 फीट रोड स्थित इंग्लिश कोचिंग टीचर महिलाओं से दोस्ती कर बनाता था अश्लिष वीडियो, लैपटॉप में मिली थी 450 अश्लील वीडियो, एसपी ने किया था खुलासा।
- 11 अप्रैल 2024को आर्मी के सिपाही द्वारा खाचरोद निवासी महिला के अवैध संबंध के चलते हुए कत्ल का किया था खुलासा।
- 25 अप्रैल 2024 को बिलपांक टोल पर नन द्वारा अवैध वसूली के अपराध में मामला दर्ज कर पहुंचा था जेल।
- 8 मई 2024 को रावटी के हरथली ग्राम में हुए अंधे कत्ल का किया था खुलासा जिसमें मृतक के छोटे भाई और उसकी पत्नी ने मिलकर बड़े भाई को उतारा था मौत के घाट।
- 3 जून 2024 को झाबुआ के पेटलावद के पास करवड़ चौकी के अंतर्गत माही नदी में मिली अज्ञात महिला के शव का किया था खुलासा।
- 8 जून 2024 को रतलाम के जावरा में हुई 15 चोरियों का किया था खुलासा आरोपियों ने जेल से की थी प्लानिंग।
- 13 जून 2024 को रतलाम के लक्ष्मी नगर में रह रहे किराएदार सोहेल ने बुजुर्ग मकान मालिक के घर कैंसर के इलाज के लिए रखे पैसे और ज्वेलरी चोरी का एसपी ने किया था खुलासा।
- 25 जून 2024 को रावटी थाना क्षेत्र में माही नदी में हाथ पैर बंधे मिले अज्ञात महिला के शव का किया था खुलासा।
- 13 जुलाई 2024को एसपी राहुल कुमार लोढ़ा की कोशिशों से डीडी नगर थाना बना था आईएसओ सर्टिफाइड।
- 24 जुलाई 2024 को लुटेरी गैंग का रतलाम पुलिस ने किया था पर्दाफाश लूट के पैसों से करवाते थे सुंदरकांड आयोजन।
- 10 अगस्त 2024 को जावरा कोठारी ज्वैलर्स से हुई चोरी का किया था खुलासा इसमें 10 लाख की ज्वेलरी की थी बरामद।
- 10 अगस्त 2024 को शिवगढ़ में अज्ञात महिला के मर्डर का किया था खुलासा जिसमें प्रेमी ने 3500 रुपए की उधारी न देने के लिए किया था प्रेमिका का मर्डर।
- 26 अगस्त 2024 को कालूखेड़ा के पास ग्राम से मासूम बच्ची तन्नू के अपहरण का किया था खुलासा, बच्ची की कुएं में मिली थी लाश।
- 8 सितंबर 2024 को एसपी की सूझबूझ से शहर में बड़ा दंगा होने से बचा था, एसपी ने खुलासा कर बताया था कि न जुलूस पर पथराव हुआ था और न गणेश जी प्रतिमा खंडित हुई थी। खंडित की बात सोशल मीडिया पर भ्रामक थी। जिसको एसपी राहुल कुमार लोढ़ा ने भ्रामक बताया था।

## शेष पेज एक का.....

इमरान प्रताबगड़ी से लेकर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्रीदिग्विजयसिंह, विधायक आरिफ मसूद सहित एमआईएम के राष्ट्रीय प्रवक्ता एडवोकेट वारिस पठान तक ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी।




इमरान प्रतापगढ़ी ने क्स पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए पोस्ट कर लिखा मध्यप्रदेश में सत्ता प्रायोजित दंगे की साज़िश को रोकने वाले जाबाज़ पुलिस अधिकारी पुरस्कृत नहीं बल्कि दण्डित किये जाते हैं, रतलाम इसका सटीक उद्धरण है। @DrMohanYadavzv जी क्या यही आपकी शासन प्रणाली है? दूसरी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भाजपा शासित सरकार सहित प्रदेश के DGP तक को आड़े हाथो लेते हुए फेसबुक पर पोस्ट की। विधायक आरिफ मसूद ने इस मुद्दे को आगे ले जाने की बात कही वही एमआईएम के वारिस पठान ने क़ानूनी लड़ाई का सहारा लेने को कहा।



इन तमाम टिप्पणियों पर बुधवार तड़के रतलाम पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा ने पलटवार में दिग्विजयसिंह के रतलाम की घटना पर सवाल पूछे जाने पर कहा कि क्या दिग्विजयसिंह रतलाम की उस घटना पर गणेश उत्सव के दौरान तथाकथित कुछ विधर्मियो (मुस्लिमो) द्वारा किये गए पथराव को अच्छा मानते है? जिन लोगो ने पथराव किया उनका समर्थन करते है? दिग्विजयसिंह की आदत है कि तुष्टिकरण की राजनीती में विधर्मियो के साथ खड़े हो कर चर्चा में बने रहना उनका यही काम है

**खिलाफ होते है तो होने दो... जान थोड़ी है**

तमाम राजनैतिक गहमगहमी के बिच रतलाम पुलिस कप्तान ने नवागत एसपी अमित कुमार को सोमवार 12.30 बजे चार्ज सौंपा और गुरुवार सुबह भोपाल अपने नए कार्यालय का चार्ज लेने के लिए रवाना हो गए। लेकिन उन्हें क्या पता था भोपाल में बजरंग दल उनके विरोध में खड़ा है। संघ ने सीधे राहुल कुमार लोढ़ा की बर्खास्ती को लेकर उग्र प्रदर्शन किया उनके खिलाफ खूब नारेबाजी भी की। बजरंग दल के कार्यकर्ता अड़े हुए थे की उन्हें बर्खास्त किया जाये और जीआरपीएफ के नए एस पी का चार्ज न सौंपा जाये।

# निजी विद्यालयों द्वारा फीस वृद्धि के संबंध में जिला समिति की बैठक संपन्न

रतलाम | द न्यूज़ बिन

जिले के निजी विद्यालयों द्वारा 10 प्रतिशत से अधिक फीस वृद्धि के प्रस्तावों के संबंध में कलेक्टर श्री राजेश बाथम की अध्यक्षता में जिला समिति की बैठक का आयोजन 13 सितंबर को प्रात: 11:30 बजे कलेक्टर सभागृह, नवीन कलेक्टोरेट रतलाम में किया गया।

बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्री संजय शर्मा, जिला कोषालय अधिकारी श्री रमेश मौर्य, जिला शिक्षा अधिकारी श्री के सी शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र श्री धर्मेन्द्र सिंह, उपस्थित हुए।

स्कूल शिक्षा विभाग के विभागीय पोर्टल पर जिले के 21 निजी विद्यालयों द्वारा विद्यार्थियों से ली जाने वाली स्कूल फीस में गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि दर्ज की गई। इन विद्यालयों के प्राचार्य अथवा प्रतिनिधि भी बैठक में उपस्थित हुए।

# खुशियों की दास्ता सनावदा वासियों के जीवन में खुशियां लाया जल जीवन मिशन

रतलाम | द न्यूज़ बिन

रतलाम जिला मुख्यालय से 5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सनावदा में जल जीवन मिशन की नल जल योजना बनने से ग्राम वासियों को हुआ पानी का आराम घर पर ही मिलता है नल से जल। ग्राम सनावदा में पानी की समस्या को देखते हुए जल जीवन मिशन अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 1164 जनसंख्या वाले ग्राम में 62 लाख की लागत से नल जल योजना का क्रियान्वन किया गया। योजना अंतर्गत एक 50 हजार लीटर की उच्च स्तरीय टंकी, 20 हजार लीटर के संपवेल का निर्माण कर एवं साढे तीन किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर 200 से अधिक नल कनेक्शन देकर हर घर एवं स्कूल, आंगनबाड़ी आदि को जोड़ा गया।

# भाजपा के सदस्यता अभियान मे मप्र को देश मे अव्वल बनाना है - प्रदेश अध्यक्ष वी.डी.शर्मा

रतलाम | द न्यूज़ बिन

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा शनिवार को संगठन पर्व के तहत सदस्यता अभियान को गति देने हेतु रतलाम पहुंचे। उन्होंने सैलाना और रतलाम शहर में सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि मध्य प्रदेश को देश में सदस्यता अभियान की उपलब्धि में अव्वल बनाए।




जिले मे अपने दौरे की शुरुआत सैलाना के औसीन परिसर मे आयोजित कार्यकर्ता बैठक की। इसमें मंडल पदाधिकारी शक्ति केन्द्र प्रभारी एवं संयोजक तथा बूथ अध्यक्षों से संवाद किया। इसके बाद वे रतलाम में जिला भाजपा द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान कार्यक्रम में प्रबुद्धजनों, व्यापारियों, चिकित्सकों, अभिभाषकों एवं सीए से रूबरू हुए।

उन्होंने अतिथि गार्डन में भारतीय जनता युवा मोर्चा के सदस्यता अभियान कार्यक्रम मे युवाओं को भाजपा का सदस्य बनाकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप उपाध्याय ने की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप,संभाग प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, जिला प्रभारी प्रदीप पाण्डेय, ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, महापौर प्रहलाद पटेल, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, जिला महामंत्री संगीता चारेल, जिला महामंत्री निर्मल कटारिया, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, कानसिंह चौहान, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, जिला कोषाध्यक्ष जयवंत कोठारी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

**मध्य प्रदेश में नम्बर 1 पर आ सकता है, सैलाना**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने सैलाना में कहा कि संगठन पर्व अन्य पर्वो के तरह है। इसे उत्साह एवं उल्लास से मनाते हुए भाजपा की सदस्यता कराये। मंडल अध्यक्ष योजनाबद्ध काम करें। सैलाना क्षेत्र का लक्ष्य 64 हजार का है, जिसे सबको मिलकर पूरा करना है। कार्यकर्ता जब काम करता है, तो छिंदवाडा जैसा गढ़ टूटता है और इतिहास बनता है। सैलाना मे कार्यकर्ता की मेहनत अगले चुनाव मे विधायक भी भाजपा का बनाएगी। कार्यकर्ता संकल्पित हो तो सैलाना मध्य प्रदेश में नम्बर 1 पर आ सकता है। श्री शर्मा ने भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए, भाजपा के सदस्यता अभियान का महत्व भी बताया।

**भाजपा सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी सोच वाली पार्टी**

रतलाम के रूद्र पैलेस मे प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि भाजपा सर्वस्पर्शी और सर्वव्यापी होकर आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। प्रधानमंत्री श्री मोदी जी नेतृत्व मे भाजपा सरकार मे अंत्योदय के कार्यो के साथ-साथ धारा 370, और तीन तलाक समाप्त कर हर वर्ग का कल्याण किया है। मध्य प्रदेश भी विकसित राज्य के रूप मे पहचाना जा रहा है, भाजपा का सदस्य बनकर सब उसे मजबूत करे। श्री शर्मा ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने मे जन-जन का सहयोग आवश्यक है। इसलिए हर वर्ग भाजपा से जुड़े और सदस्यता अभियान को सफल बनाए।

संभाग प्रभारी जीतू जिराती ने इससे पूर्व कहा कि भाजपा सदस्यता अभियान का पिछला रिकार्ड 18 करोड़ का है। संगठन पर्व के माध्यम से इसे 28 करोड़ पार करेगे।

कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मध्य प्रदेश कि सभी 29 लोकसभा सीटें जीत कर जो भाजपा ने रिकार्ड बनाया है, इसे कोई तोड़ नही सकेगा। सबके सहयोग से देश मे तीसरी बार लगातार गैर कांग्रेसी सरकार मोदी जी नेतृत्व मे बनी है। सदस्यता अभियान के माध्यम से सभी भाजपा से जुडकर देश को सशक्त बनाए।

रतलाम के अतिथि गार्डन में युवा मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि देश के विकास में युवाओं की अहम भूमिका है।

## 3 स्थानों पर होगा गणेश प्रतिमा का संग्रहण

रतलाम | द न्यूज़ बिन

जनसुविधा व सुरक्षा की दृष्टि से नगर निगम द्वारा 17 सितम्बर मंगलवार अनंत चर्तुदशी पर गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु श्री कालिका माता मंदिर प्रांगण, हनुमान ताल प्रांगण, अमृत सागर स्थित गढ़ कैलाश मंदिर पर गणेश प्रतिमा संग्रहण स्थल बनाये गये है, जहां संग्रहित प्रतिमाओं को सम्मान पूर्वक विसर्जन हेतु बंजली बायपास स्थित तालाब ले जाया जायेगा।महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त हिमांशु भट्ट, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, दिलीप गांधी, धर्मेन्द्र व्यास, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी व पार्षदगणों ने नगर के नागरिकों से अपील की है कि भगवान श्री गणेश प्रतिमा विसर्जन हेतु नगर निगम द्वारा बनाये गये उक्त प्रतिमा संग्रहण स्थलों पर गणेश प्रतिमाओं को विधि विधान से पूजा-अर्चना कर रख दें प्रतिमाओं को पुरे सम्मान के साथ विसर्जन हेतु ले जाया जायेगा।

## जिला प्रशिक्षण केंद्र पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न

रतलाम | द न्यूज़ बिन

मौसम में परिवर्तन के कारण रतलाम जिले में डेंगू के नए प्रकरण प्रतिवेदित हो रहे हैं। जिले के स्वास्थ्य विभाग द्वारा डेंगू के प्रकरणों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सीएमएचओ डॉक्टर आनंद चंदेलकर के मार्गदर्शन में जिला प्रशिक्षण केंद्र विरियाखेड़ी पर विभिन्न विकास खंडों के स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया के संबंध में प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रमोद प्रजापति ने बताया कि डेंगू एडीज नामक मच्छर के काटने से होता है। इसके वायरस को डेन वायरस के नाम से जाना जाता है। डेंगू के प्रमुख लक्षण बुखार आना, सर दर्द, चक्कर, घबराहट आदि मुख्य हैं। मुख्य रूप से ठहरे हुए पानी में डेंगू के लार्वा पनपते हैं।यह लार्वा मच्छर के रूप में विकसित होते हैं। इनका जीवन काल अधिकतम तीन सप्ताह का होता है। एडीज मच्छर दिन के समय में काटता है, और इसकी फ्लाइंग रेंज लगभग 300 मीटर तक देखी जाती है, यह मच्छर अंधेरे स्थान पर विश्राम करता है। डेंगू से बचाव के लिए हमेशा पूरी बाह के कपड़े पहने, अपने घर के आसपास पानी बिल्कुल इकट्ठा न होने दे। घरों में रखे हुए कूलर पूरी तरह खाली करें। पक्षियों के पानी पीने के लिए बनाए गए पात्र खाली कर दें, घर में रखी हुई टंकियां, टायर और अन्य पात्र सामग्री में किसी भी प्रकार का पानी इकट्ठा न होने दे, घरों के अंदर बने सीमेंट वॉटर टैंक में पानी बदलते रहे। कहीं पर पानी इकट्ठा होता दिखाई दे तो उसमें जला हुआ तेल या मिट्टी का तेल डाल देना चाहिए। किसी भी प्रकार का बुखार होने पर इसकी तत्काल निकट के सरकारी अस्पताल में जांच कराना चाहिए। समय पर जांच और पूरा उपचार करने पर डेंगू पूरी तरह ठीक हो जाता है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका निगम के साथ समन्वय कर जिन स्थानों पर लार्वा पनपता दिखाई देगा, ऐसे स्थान पर संबंधित संस्थान के मालिक पर जुर्माना अधिरोपित करने की कार्यवाही की जाएगी।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉक्टर गौरव बोरीवाल, मीडिया अधिकारी श्री आशीष चौरसिया, डिप्टी मीडिया अधिकारी श्रीमती सरला वर्मा, सहायक मलेरिया अधिकारी श्री एन एस वसुनिया, श्री आर सी पालीवाल, श्री संदीप विजयवर्गीय, ओम प्रकाश बावल्चा एवं जिले के विभिन्न विकास खंडों के सी एच ओ एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे।

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने की अध्यक्षता एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने किया प्रतिनिधित्व

रतलाम | द न्यूज़ बिन

मुंबई के द वेस्टिन पवई में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में 'बोर्ड ऑफ ट्रेड मीटिंग' (BoT) की एक महत्वपूर्ण बैठक में हुई। इस बैठक में भारत के व्यापार और निर्यात परिदृश्य को बढ़ावा देने के लिए चर्चा करने एवं रणनीति बनाने के लिए देश के प्रमुख हितधारक एकत्रित हुए।



मध्यप्रदेश के एमएसएमई मंत्री श्री चेतन्य काश्यप ने राज्य का प्रतिनिधित्व किया और बैठक के दौरान अपने विचार साझा किए। उन्होंने मध्यप्रदेश में निर्यात, स्टार्टअप्स और औद्योगिक अवसरों की संभावनाओं पर चर्चा की और नवाचार और विकास को बढ़ावा देने हेतु राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। श्री काश्यप ने आश्वासन दिया कि राज्य सरकार कृषि और औद्योगिक निर्यात को सुविधाजनक बनाने और बढ़ावा देने के लिए हितधारकों को पूर्ण समर्थन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

बैठक में औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव श्री राघवेंद्र सिंह, कमिश्नर श्री नवनीत मोहन कोठारी, एमएसएमई एवं सुविध शाह, डीजीएफटी और कार्यकारी निदेशक एमपीआईडीसी ने भी भाग लिया।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री श्री पीयूष गोयल ने व्यापार और निर्यात के लिए अनुकूल वातावरण बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चर्चाओं में वर्तमान व्यापार परिदृश्य, निर्यात प्रक्रियाओं को सरल बनाने, निर्यातकों द्वारा सामना की जाने वाली चुनौतियों, इन चुनौतियों को दूर करने के संभावित समाधान और दक्षता में सुधार जैसे कई विषय शामिल थे।

मध्य प्रदेश जो अपनी समृद्ध कृषि विरासत और बढ़ते स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के लिए जाना जाता है, देश के निर्यात को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

बैठक का समापन केंद्रीय और राज्य सरकारों, उद्योग हितधारकों और व्यापार निकायों के बीच निरंतर सहयोग की आवश्यकता पर सहमति के साथ हुआ, ताकि भारत की व्यापार और निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने के साझा लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

## लोक अदालत में बकायादारों ने संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा कराकर अधिभार राशि में छूट का लाभ लिया

रतलाम | द न्यूज़ बिन

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 14 सितम्बर शनिवार को एक दिवसीय नेशनल लोक अदालत में नागरिकों ने संपत्तिकर एवं जलकर की बकाया राशि जमा कराकर दी जा रही अधिभार (सरचार्ज) राशि में छूट का लाभ लिया।

आज नेशनल लोक अदालत के तहत जिला न्यायालय व फायर ब्रिगेड भवन नगर निगम कार्यालय में बकायादारों ने 382 प्रकरणों के तहत संपत्तिकर के 52 लाख 34 हजार 556 रूपये तथा 374 प्रकरणों के तहत जलप्रदाय के 23 लाख 5 हजार 550 रूपये कुल राशि 75 लाख 40 हजार 106 रूपये जमा कराकर अधिभार (सरचार्ज) की राशि में छूट का लाभ लिया।

# प्रदेश के सभी गाँवों में भी चलाया जायेगा " स्वच्छता ही सेवा अभियान "

इन्दौर | द न्यूज़ बिन

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है और इसकी शुरुआत से ही स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस वर्ष स्वच्छ भारत मिशन की दसवीं वर्षगाँठ का सम्मान करने के लिए स्वच्छता ही सेवा अभियान 17 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम के साथ 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस समारोह मनाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि विगत 10 वर्षों में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में राज्य को कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) का पहला चरण 2 अक्टूबर 2014 को प्रारंभ हुआ और 2 अक्टूबर 2019 तक सरकार और जनता की सक्रिय भागीदारी से सभी ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया।

इस अवधि में राज्य में 70 लाख से अधिक घरों में नए शौचालय बने, सभी ने शौचालय का नियमित उपयोग प्रारंभ किया जिससे सभी 51 हजार ग्राम तय समय से पहले खुले में शौच मुक्त घोषित हुए।

लोगों को इस अभियान से जोड़ने और जागरूक करने के लिए व्यापक सामाजिक व्यवहार परिवर्तन की मुहिम चलाई गई, जिससे समाज के सभी वर्ग इस जन आंदोलन का हिस्सा बने। लोगों के स्वच्छता व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन के लिए 50 हजार से अधिक स्थानीय स्वच्छाग्राहियों ने प्रेरक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

वर्ष 2020 से स्वच्छ भारत मिशन का दूसरा चरण प्रारंभ हुआ, जिसमें 2024 तक सभी ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त बनाए रखते हुए ठोस और तरल अपशिष्ट के प्रबंधन द्वारा मोडल श्रेणी में ओडीएफ प्लस बनाने का लक्ष्य रखा गया।

इसके लिए अब तक 8 लाख से अधिक नए शौचालय बने, 16 हजार से अधिक सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाए गए, 44 हजार से अधिक ग्रामों मे ठोस कचरे को प्रबंधित करने की सुविधाएं और 48 हजार से अधिक ग्रामों में तरल अपशिष्ट प्रबंधन की संपत्तियों को निर्मित करके राज्य के 41 हजार से अधिक ग्रामों को ह्यूह्र प्लस मॉडल बनाया गया है।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए ग्रामों में 20 हजार से अधिक सेग्रगैशन शेड और 32 हजार से अधिक कचरा वाहन उपलब्ध कराये गये तथा 25 हजार से अधिक स्वच्छता मित्र इस कार्य में लगे हुए हैं और कार्यों के प्रबंधन हेतु 900 स्व-सहायता समूहों को संलग्न किया गया, जिससे उनकी आजीविका में वृद्धि हुई है।

अब ग्रामों में भी मल कीचड़ प्रबंधन की सुविधाओं के लिए FSTP (फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के लिए MRF ( मेटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) सेंटर बनाए जा रहे है और इसके लिए शहरी निकायों के साथ भी समन्वय किया गया है।

पशुओं के गोबर से गोबर खाद और बायो गैस बनाकर समुदाय को लाभ पहुंचने के लिए गोवर्धन योजना से 100 से अधिक इकाइयां बनी।

ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों को बनाने की दिशा में प्रदेश अग्रसर है और समय पर अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए सतत प्रयासरत है।

# इंदौर में प्राकृतिक खेती के संबंध में प्रशिक्षण सम्पन्न



इन्दौर | द न्यूज़ बिन

वर्तमान में आधुनिक खेती से बढ़ती लागत एवं रसायनों के दुष्प्रभाव से पीड़ित खेती को सुधारने के लिए शासकीय कृषि महाविद्यालय इंदौर में एक दिवसीय गौं-कृषि आधारित प्राकृतिक खेती के प्रशिक्षण का आयोजन कृषि क्रांति संगठन के तत्वाधान में किया गया कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक के रूप में हरियाणा के श्री विक्रम सिंह सिंधु हरियाणा उपस्थित थे। श्री सिंधु द्वारा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश एवं मध्यप्रदेश के लगभग 100 किसानों को गोवंश का महत्व, प्राकृतिक खेती के महत्व एवं एक एकड़ प्राकृतिक खेती की शुरुआत के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में किसान संवाद, किसान परिचर्चा एवं प्राकृतिक खेती करने वाले कृषकों का सम्मान भी किया गया। साथ ही गो कृपा अमृतम भी किसानों को प्रदान किया गया। कार्यक्रम में आये सभी कृषकों ने संकल्प लिया कि हम प्राकृतिक खेती की शुरुआत हमारे खेतों के छोटे हिस्से से करेंगे एवं अनुसंधान करके आगे संपूर्ण खेतों को रसायनों के प्रभाव से मुक्त रखेंगे। भविष्य में संगठन द्वारा राज्य के सभी जिलों में प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण एवं जैविक बाजार के प्रोत्साहन हेतु सहायता की जाएगी।

# लोक अदालत में बिजली संबंधी 5810 प्रकरण निराकृत

इन्दौर | द न्यूज़ बिन

वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत में मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को उम्मीद के अनुसार सफलता मिली है। कंपनी के अधीन 5810 प्रकरण निराकृत हुए है। नियमानुसार, पात्रतानुसार पचास हजार तक के 4509 प्रकरणों पर 15 जिले में करीब 2 करोड़ 30लाख रुपए की छूट उपभोक्ताओं, प्रकरणों के निराकरण पर दी गई है। लोक अदालत के दौरान बिजली कंपनी के 10 करोड़ रूपए से ज्यादा के प्रकरणों का समाधान हुआ है।

लोक अदालत के लिए कंपनी क्षेत्र के 425 जोन, वितरण केंद्रों, कार्यालयों के माध्यम से प्रभावी तैयारी की गई थी। मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री राकेश आर्य ने बताया कि लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौता किया गया। प्री लिटिगेशन के माध्यम से निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट प्रदान की गई। प्री लिटिगेशन स्तर सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट मिली, जबकि लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत तैयारी की गई थी। हजारों नोटिस तामिल कराए थे।


कंपनी क्षेत्र का सबसे बड़ा प्रकरण पश्चिम क्षेत्र विद्युत कंपनी के इंदौर रीजन के बड़वाह संभाग के अंतर्गत टावर विजन कंपनी का विद्युत चोरी का प्रकरण वर्ष 2013 में बनाया गया था। इसका 8.39 लाख रुपए का निर्धारण किया गया, उपरोक्त राशि नहीं जमा करने के फलस्वरूप ब्याज भी लाखों रूपए हो गया। न्यायाधीश के निर्देश पर निर्धारण एवं ब्याज कुल राशि 30.22 लाख एवं कंपाउंडिंग राशि 0.85 लाख कुल 31.05 लाख का अंतिम निर्धारण आदेश बनाया गया। टावर कंपनी प्रबंधन को उपरोक्त राशि को लोक अदालत में भुगतान कर प्रकरण समाधान के लिए प्रेरित किया गया। लोक अदालत में 2013 से प्रचलित टावर विजन कंपनी ने पूर्ण राशि जमा की।

# बेसमेंट के पार्किंग का व्यावसायिक उपयोग करने पर चार भवनों के बेसमेंट को किया गया सील



इन्दौर | द न्यूज़ बिन

इंदौर में यातायात को सुगम बनाने के लिये कलेक्टर श्री आशीष सिंह के मार्गदर्शन में लगातार प्रभावी और परिणाममूलक कार्रवाई की जा रही है। इसके तहत बेसमेंट पर पार्किंग का व्यावसायिक उपयोग करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में आज एसडीएम जूनी इंदौर श्री घनश्याम धनगर के नेतृत्व में जिला प्रशासन तथा नगर निगम के संयुक्त अमले द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए 4 भवनों के बेसमेंट को पार्किंग की जगह व्यावसायिक उपयोग करते पाए जाने पर सील किया गया। क़ब्ज़ा हटाने से पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह मिल सकेगी




# आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब जप्त

इन्दौर | द न्यूज़ बिन

इंदौर जिले में मदिरा के अवैध रूप से क्रय/विक्रय, परिवहन एवं भंडारण करने वालों के विरुद्ध कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देशन में आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है सहायक आबकारी आयुक्त श्री मनीष खरे ने बताया कि आज आबकारी विभाग के अमले द्वारा कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही का संचालन कंट्रोल रूम प्रभारी श्री आर. एच. पचौरी के मार्गदर्शन में किया गया।

संवाददाता/एजेंसी देना हैं।

मैं बिक कर नहीं छपता,
छप कर बिकता हूं -द न्यूज़ बिन

द न्यूज़ बिन समाचार पत्र के लिये पूरे भारत में समाचार और विज्ञापन के लिये संवाददाता नियुक्त करना हैं।

केवल पत्रकारिता में रुचि रखने वाले ही सम्पर्क करें। योग्य को प्राथमिकता।

समस्त प्रकार के विज्ञापन और बधाई संदेश के लिये सम्पर्क करें।

07 कोठारी मार्केट, दो बत्ती रतलाम (म.प्र.)
Mo.9827586060

## Fifth and final time- Junior doctors invited to Mamata Banerjee's residence today

KOLKATA| THE NEWS BIN

West Bengal Chief Minister Mamata Banerjee has invited delegation of junior doctors today at 5 pm at her official residence. The meeting is set to address concerns surrounding the recent rape-murder case at RG Kar Medical College and Hospital, news agency ANI reported.This came as a letter was written and sent to the junior doctors by West Bengal Chief Secretary Manoj Pant who are protesting against the rape and murder of a trainee doctor. In the letter, he wrote, "This is the fifth and final time we are reaching out to you for a meeting between the Honourable Chief Minister and your delegates. In line with our discussion from the day before, we are once again inviting you to a meeting with the Honourable Chief Minister at her Kalighat residence for a discussion with an open mind."

# Veg langar at Ajmer Sharif to discounts in Gujarat; know all details here



NEWDELHI | THE NEWS BIN

The Ajmer Sharif Dargah on September 17 will prepare and distribute 4,000 kilograms of vegetarian "Langar" food. An official statement from the Dargah authorities said, "In celebration of the birthday of Prime Minister Narendra Modi and in conjunction with "Sewa Pakhwada," the historic and world-famous "Big Shahi Deg" at Ajmer Dargah Sharif will once again be used to prepare and distribute 4000 kg of vegetarian "Langar" food, continuing a tradition that has been upheld for over 550 years."While speaking to news agency ANI, he said, "2,500 businessmen involved in different occupations will provide discounts ranging between 10% to 100%... 110 auto-rickshaws will give 100% discount on that day. We appeal it every year, but we don't force anyone for any kind of offer. They are connected to us and PM Modi with their will... every shop has its own scheme--what to discount, how much discount--it's their decision. It's voluntary; we just connect them with the people." Joining the celebration, the Auto Union in Surat will offer free rides a day ahead of PM Modi's birthday. Raju Bhandari, the union president, said, "We will celebrate as seva day (service day), where individual auto drivers are giving [rides for free]. Why not do it as a united move? Hence, we will take passengers for free, and that is on Monday, September 16, a day ahead of Narendra Modi's birthday."

## Fully-equipped and air-conditioned interstate bus terminal coming up on the lines of Indore airport will start in December - Chief Minister Dr. Yadav

BHOPAL|THE NEWS BIN

Chief Minister Dr. Mohan Yadav said that the facilities of the fully equipped, air-conditioned and largest Inter State Bus Terminal (ISBT) of Madhya Pradesh, which is coming up on the lines of the airport in Indore's Kumedi, will be available to the public from December. This bus terminal will add to the pride of Indore and Madhya Pradesh in the country. The Chief Minister said this during the inspection of the bus terminal here on Saturday. He informed that the Interstate Bus Terminal (ISBT) is being constructed by the Indore Development Authority for Rs 101 crore in the 15-acre area in Kumedi area of ??Indore. The terminal will be ready by coming December. Chief Minister Dr. Yadav said that the government is working rapidly for the integrated development of the state. He said that the bus terminal will also be highly beneficial during Simhasthaas as it will provide the best transportation facilities to the passengers. He appreciated

# Production capacity of Dugdha Sangh will be increased: Chief Minister Dr. Yadav

BHIOPAL|THE NEWS BIN



Chief Minister Dr. Mohan Yadav has said that the capacity of Ujjain Sahkari Dugdha Sangh will be increased. The government is trying to ensure that dairy farmers get maximum benefits through Dugdha Sanghs. At least Rs 50 thousand should be given to every farmer's family as bonus. The production capacity of Ujjain Dugdha Sangh will be increased to 10 lakh tonnes. Besides, the role of the Dugdha Sangh will be made effective at the ground level. Chief Minister Dr. Yadav was addressing the employees' interaction programme of the Sahkari Dugdha Sangh in Ujjain on Sunday.

Chief Minister Dr. Yadav said that Madhya Pradesh is setting new records of development in all areas. The government is determined to increase farmers income in agriculture-based Madhya Pradesh further. The agricultural growth rate of the state has to be increased further. Animal husbandry and dairy farmers play an important role in this. The government is trying to increase milk production further. Milk cooperatives will play a big role in this. Along with the increase in milk production, work will also be done to increase its consumption. The capacity of Dugdha Sanghs for milk consumption will be increased through the National Dairy Development Board.Chief Minister Dr. Yadav said that along with strengthening the Sahkari Dugdha Sangh, whatever amount is required for farmers will be given. The role of Sahkari Dugdha Sangh will be made effective at the ground level. Chief Minister Dr. Yadav said that Ujjain Dugdha Sangh is my own family. At present, a target has been set to increase the capacity of Ujjain Dugdha Sangh from 2.5 lakh tonnes to 10 lakh tonnes. Its profit also has to be increased to Rs 100 crore. Besides, employee interests will also be taken full care of. MLA Shri Anil Jain Kaluhera, public representatives, officials associated with the Dugdha Sangh, and senior officers were present in the programme.

# Flag pinned on Governor on Flag Day



BHIOPAL|THE NEWS BIN

Officials of social organizations reached Raj Bhavan and pinned a flag on Governor Shri Mangubhai Patel. Governor Shri Patel presented cheques to the organizations to be used for the rehabilitation of the differently abled.

Officials of the National Association for the Blind, Bhopal, and the Blind Relief Association Bhopal reached Raj Bhavan and met Governor Shri Mangubhai Patel on Flag Day. They wished the Governor and presented him with a bouquet and pinned a flag.

On this occasion, the President of the National Association for the Blind Bhopal, Shri M.S. Khan, Mr. Nasir Hussain, President of The Blind Relief Association Bhopal, and other officials of the organizations were also present.

स्वत्वाधिकारी/स्वामी/सम्पादक/प्रकाशक ज़ुबेरउद्दीन अंसारी के लिये मुद्रक राजेश मूणत, रतलाम प्रिंटर्स एडं प्रेस, कॉलेज रोड़ रतलाम (मध्यप्रदेश) से मुद्रित व 07, कोठारी मार्केट, दो बत्ती रतलाम (मध्यप्रदेश ) से प्रकाशित। किसी भी वाद – विवाद का न्यायिक क्षेत्र रतलाम (म.प्र.) रहेगा। संपर्क करें 9827586060

www.thenewsbin.in | Email ID : write.thenewsbin@gmail.com | RNI No. : MPBIL/2023/88792